# कार्यालय कमाण्डेण्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर

क्रमांक : पीटीएस–अल / प्रशि. / 2022 / 2473-74 18, नवम्बर, 2022

प्रेषिती :

श्रीमान् महानिरीक्षक पुलिस,
जयपुर रेंज, जयपुर।

विषयः कानि. / हैडकानि. को "सायबर अपराध अनुसंधान" एवं "यौन अपराधों से महिलाओं एवं बालकों का संरक्षण" विषय पर ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु मनोनयन बाबत।

प्रसंगः प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के आदेशांक 252 दिनांक 12.01.2022 की पालना में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है, कि प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा अनुमोदित वार्षिक प्रशिक्षण कलेण्डर–2022 के अनुरूप पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर में माह दिसम्बर, 2022 में जयपुर रेंज के कानि. / हैडकानि. स्तर के कार्मिकों हेतु निम्नानुसार ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है :–

| क्र.सं. | नाम विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम | प्रशिक्षण की अवधि | सीटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | "सायबर अपराध अनुसंधान" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 दिवस<br>दि. 07.12.22 से 09.12.22 तक | 90 (कानि. / हैडकानि.)<br>प्रत्येक जिले 15–15 कार्मिक |
| 2 | "यौन अपराधों से महिलाओं एवं बालकों का संरक्षण" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | 03 दिवस<br>दि. 22.12.22 से 24.12.22 तक | 90 (कानि. / हैडकानि.)<br>प्रत्येक जिले 15–15 कार्मिक |

उपर्युक्तानुसार ऑफ–लाइन विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन किये जाने हेतु जयपुर रेंज के अधीनस्थ जिलों से 90 (प्रत्येक जिले से 15–15) कानि. से हैडकानि. स्तर के पुलिस कार्मिकगण का प्रशिक्षणानुसार मनोनयन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने की तिथि से पूर्व संध्या तक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, ग्राम टेकड़ा, अलवर मे उपस्थिति देने हेतु संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकगण को निर्देशित करने की कृपा करें।

सादर!

भवदीय,

18/11/2022

(यशपाल त्रिपाठी)
कमाण्डेण्ट,
पुलिस ट्रेनिंग स्कूल, अलवर।

## ।। कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज, जयपुर ।।

क्रमांकः– 1719

दिनांकः– 22-11-2022

प्रतिलिपिः–1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान जयपुर को सूचनार्थ प्रेषित है।

2. **समस्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर रेंज, जयपुर** को निर्देशानुसार भेजकर निवेदन है कि उपरोक्त प्रत्येक **ऑफ–लाईन** विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु उपरोक्तानुसार 15–15 कानि0 / हैड कानि0 स्तर के पुलिस कार्मिक गणो के नाम मनोनयन कर उन्हें नियत तिथि एवं समय पर निर्धारित स्थान पर उपस्थिति देने हेतु निर्देशित कर मनोनीत कार्मिको की सूची सीधे ही कमाण्डेन्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर को समय पर भिजवाते हुए, इस कार्यालय को अवगत कराने की कृपा करावें।

3. कमाण्डेन्ट पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर को सूचनार्थ प्रेषित है।

(लक्ष्मीकान्त शर्मा पु0नि0)
नोडल ऑफीसर
कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस
जयपुर रेंज, जयपुर।